Facts are being ascertained from the State Government.

### हिन्दी प्रशिक्षण तथा कार्यान्वयन योजना के अन्तर्गत प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

7445. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दी प्रशिक्षण तथा कार्यान्वयन योजना के अंतर्गत प्रत्येक मंत्रालय को त्रैमासिक/अर्ध वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पड़ते हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1969 के लिए प्रत्येक मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किए गए चार त्रैमासिक प्रतिवेदनों के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों के कितने अनुभागों में टिप्पणी तथा मसौदा लेखन कार्य हिन्दी में होता है ;

(ग) क्या सरकार का विचार तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित सम्पूर्ण प्रशासनिक कार्य हिन्दी में करने के बारे में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों को आदेश जारी करने का है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री** (**श्री विद्याचरण शुक्ल**) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) एक विवरण संलग्न है ।

(ग) और (घ). चूंकि राजभाषा अधिनियम, 1963 के अनुसार दोनों हिन्दी व अंग्रेजी केन्द्र के सरकारी कामकाज के लिए प्रयोग में लाई जा सकती हैं, इसलिए सभी सरकारी कर्मचारियों को सरकारी कामकाज के लिए हिन्दी अथवा अंग्रेजी किसी भी भाषा का प्रयोग करने की स्वतंत्रता है । सभी सामान्य आदेश जिन में श्रेणी III और IV के कर्मचारियों से संबंधित आदेश भी सम्मिलित हैं, हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में जारी होना आवश्यक है, उनसे हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिए जाते हैं ।

#### विवरण

| अवधि | विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के उन अनुभागों की संख्या जिन में विभिन्न मात्रा में हिन्दी में टिप्पण और आलेखन किया जाता है । |
|---|---|
| 1. मार्च, 1969 की तिमाही रिपोर्ट | 176 |
| 2. जून, 1969 की तिमाही रिपोर्ट | 183 |
| 3. सितम्बर, 1969 की तिमाही रिपोर्ट | 215 |
| 4. दिसम्बर, 1969 की तिमाही रिपोर्ट | 219 |

### दिल्ली में परिवहन समस्या

7446. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :** क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली जैसे महानगरों में परिवहन की गम्भीर समस्या है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि दिल्ली जैसे सब महानगरों में परिवहन का राष्ट्रीकरण कर दिया गया है ;